प्रादेशिक समाचार

दिनांक–07.07.2025 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने रामगढ़ खनन हादसे को बताया राज्य सरकार की विफलता, अवैध खनन पर लगाम और मृतक परिवारों को मुआवजे की रखी मांग।।
2. दुमका में पहाड़िया आदिम जनजाति के मैट्रिक सफल छात्र–छात्राओं का आयोजित हुआ सम्मान समारोह, शिक्षा के माध्यम से समाज की तरक्की और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य का दिया गया संदेश।
3. झारखंड समेत देश के विभिन्न हिस्सों में कल श्रद्धा और सौहार्दय के साथ मनाया गया मुहर्रम, कड़ी सुरक्षा के बीच निकाला गया ताजिया जुलूस।
4. मौसम विभाग ने राज्य के 12 जिलों में आज भारी बारिश के साथ अचानक बाढ़ का जारी किया अलर्ट, रांची समेत कई इलाकों में अगले 24 घंटे को बताया संवेदनशील।
5. भारत ने बर्मिंघम टेस्ट में इंग्लैंड को 336 रनों से हराकर रचा इतिहास, 58 साल बाद एजबेस्टन में भारत की पहली टेस्ट जीत, सीरीज़ 1–1 से बराबर।

*******************

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने रामगढ़ में अवैध खनन के दौरान कोयला खदान धंसने से हुई चार लोगों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाएं राज्य सरकार की नाकामयाबी का परिणाम हैं और बंद खदानों में अवैध उत्खनन लगातार जारी है। केंद्रीय मंत्री ने मृतक परिवारों को उचित मुआवजा देने और भविष्य में ऐसी घटनाएं रोकने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की।

*******************

दुमका में पहाड़िया आदिम जनजाति के मैट्रिक में सफल छात्र–छात्राओं के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एसपी पीतांबर सिंह खेरवार और विशिष्ट अतिथि उप विकास आयुक्त अनिकेत सचान ने बच्चों को सम्मानित कर उनका हौसला बढ़ाया। मौके पर एसपी ने बच्चों को शिक्षा के माध्यम से समाज की दिशा बदलने और सरकार की योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।

वहीं उप विकास आयुक्त ने भी बच्चों को आगे बढ़ने और शिक्षा के क्षेत्र में नई उपलब्धियां हासिल करने का संदेश दिया।

*******************

झारखंड समेत देश के विभिन्न हिस्सों में कल आशूरा–ए–मुहर्रम श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि हज़रत इमाम हुसैन ने विपरीत परिस्थितियों में भी सत्य पर अडिग रहने की प्रेरणा दी थी।

इधर धनबाद में मुहर्रम के अवसर पर वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार बैंक मोड़ स्थित कर्बला पहुंचे और कार्यक्रम में शामिल हुए। मौके पर एसएसपी ने कहा कि मुहर्रम का दिन हमें कर्बला की कुर्बानी की याद दिलाता है और हजरत इमाम हुसैन के बलिदान से हमें धर्म और सत्य के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा मिलती है।

उधर जामताड़ा जिले में भी कल मुहर्रम शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया गया। ताजिया जुलूस के दौरान समाज के लोगों ने करतब दिखाए और मोहम्मद साहब को याद किया।

सरायकेला–खरसावां जिले में भी मोहर्रम का जुलूस शांतिपूर्ण माहौल में निकाला गया, जिसमें खेल–करतब का भव्य प्रदर्शन भी किया गया।

*******************

गिरिडीह जिले में मुहर्रम के मौके पर दो अलग–अलग घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई। घोड़ताम्बा थाना क्षेत्र में ताजिया के बिजली तार से सटने से एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि तीन लोग घायल हो गए।

दूसरी घटना निमियाघाट थाना क्षेत्र में हुई, जहां डीजे की तेज आवाज से 72 वर्षीय कौशल्या देवी की मौके पर ही मौत हो गई। डुमरी सीओ शशि भूषण वर्मा ने बताया कि मौत का स्पष्ट कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही सामने आएगा।

*******************

ळजारीबाग जिले में निम्न आय वाले और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना वरदान साबित हो रही है।

*******************

- सरायकेला–खरसावां के दोलानडीह गांव के निकट एक सवारी गाड़ी अनियंत्रित होकर पलट गई, जिसमें 20 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में घायल यात्रियों में से दो को बेहतर इलाज के लिए जमशेदपुर एमजीएम अस्पताल रेफर किया गया है,
- जमशेदपुर पुलिस ने मानगो बस स्टैंड में छापेमारी कर करोड़ों रुपये की अवैध लॉटरी का भंडाफोड़ किया। पुलिस ने एक लाख अवैध लॉटरी टिकट जब्त कर दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

*******************

राजधानी रांची सहित राज्य के कई जिलों में आज सुबह से ही रूक रूक कर बारिश हो रही है। मौसम विभाग के अनुसार आज राज्य के कई जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। विभाग के फ्लैश फ्लड गाइडेंस सेल ने रांची समेत 12 जिलों में अचानक बाढ़ की आशंका जताई है। जिसमें गढ़वा, पलामू, लातेहार, लोहरदगा, गुमला, सिमडेगा, खूंटी, रांची, सरायकेला, पश्चिमी सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम और बोकारो जिले प्रभावित हो सकते हैं। मौसम विभाग ने बताया कि मानसून ट्रफ झारखंड के डालटनगंज से गुजर रहा है, जिसका असर आज पूरे राज्य में देखने को मिलेगा।

*******************

भारत ने कल रात बर्मिंघम के एजबेस्टन में एंडरसन–तेंदुलकर ट्रॉफी के दूसरे क्रिकेट टेस्ट में मेजबान इंग्लैंड पर 336 रनों की ऐतिहासिक जीत दर्ज की। इस जीत से सीरीज़ 1–1 से बराबरी पर आ गई है। इस मैदान पर यह भारत की पहली टेस्ट जीत हैं। 58 साल से भारत ने इस मैदान पर कभी भी कोइ टेस्ट मैच नहीं जीता था।

*******************

और अब अखबारों की सुर्खियां–

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने दूसरे टेस्ट मैच में भारत की इंग्लैंड पर जीत की खबर को अपने पहले पन्ने की सुर्खी बनाई है।

प्रभात खबर की सुर्खी है – 58 साल बाद दूसरे टेस्ट में टीम इंडिया ने इंग्लैंड को 336 रन से हराया, सीरीज एक एक से बराबर– एजबेस्टन किला फतह।

हिन्दुस्तान लिखता है–सीए परीक्षा में मुंबई के राजन शीर्ष पर, रांची के गौरव को 42 वां स्थान।

दैनिक जागरण ने लिखा है ईडी को जांच के क्रम में मिली जानकारी– बालू के अवैध धंधे से अंकित ने खड़ी की करोड़ों की संपति।

*******************